सं: 1:05:138:II:सीएस

दिनांक: 14 नवंबर, 2019

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051	बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25, पी. जे. टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001

विषय: बोर्ड बैठक का परिणाम

महोदया/महोदय,

हमारे दिनांक 05.11.2019 के पूर्ववर्ती पत्र के अनुक्रम में, सूचित किया जाता है कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज दिनांक नवंबर 14, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य विषय के साथ 30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित) तथा 30 सितंबर, 2019 को समाप्त छमाही के लिए अनंकेक्षित अंतरिम वित्तीय विवरण (एकल एवं समेकित) पर विचार किया तथा उसे अनुमोदित किया।

सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसरण में, 30 सितंबर, 2019 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम (एकल एवं समेकित) सहित 30 सितंबर, 2019 तक की स्थिति के अनुसार परिसंपत्ति एवं दायित्व का विवरण तथा नगदी प्रवाह विवरण और उस पर सांविधिक लेखा-परीक्षकों की सीमित समीक्षा रिपोर्ट संलग्न है।

इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 23(9) के अनुसरण में, समेकित आधार पर संबद्ध पक्षकार लेन-देन का प्रकटन भी इसके साथ संलग्न है।

साथ ही, सांविधिक लेखा-परीक्षकों की सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ दिनांक 30 सितंबर, 2019 को समाप्त छमाही के लिए अनंकेक्षित अंतरिम वित्तीय विवरण (एकल एवं समेकित) भी संलग्न है।

सूचित किया जाता है कि अप्रकाशित कीमत संवेदी सूचना होने के कारण स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा अनंकेक्षित वित्तीय परिणाम को सार्वजनिक किया जाता है तथा इसकी विषय-वस्तु को देखने एवं अपना प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु इसे डिबेंचर ट्रस्टियों को प्रस्तुत किया जाएगा। तदनुसार, सेबी (सूचीकरण बाध्यता एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 52(5) के अंतर्गत अपेक्षित प्रमाण-पत्र को डिबेंचर ट्रस्टी(यों) से उक्त की प्राप्ति पर प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

बोर्ड बैठक प्रातः 11.00 बजे शुरू होकर दोपहर 02.20 बजे समाप्त हुई।

धन्यवाद,

भवदीय,

कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

संलग्न: यथोपरि।

(मनोहर बलवानी)

कंपनी सचिव

mb@pfcindia.com